## एक नजर में

### योग ऋषि स्वामी रामदेवजी के विश्व स्तरीय योग चैलेंज में दूसरी बार विजेता बने योग गुरू बंशीलाल टांक



**मंदसौर।** योग ऋषि स्वामी रामदेव द्वारा 31 जुलाई को इंडिया टीवी पर दिये गये पॉवर योगा चैलेंज (स्पर्धा) में 83 वर्षीय पतंजलि योग गुरू बंशीलाल टांक को विजेता घोषित किया गया है। इंडिया टीवी में पार्श्वदण्ड का चैलेंज दिया गया था जिसे सफलता पूर्वक प्रदर्शित करने पर टांक को विजयी घोषित किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 19 नवम्बर 2025 को भी टांक विश्व स्तरीय योग स्पर्धा में विजेता और इसके पूर्व 2 स्पर्धाओं में चयनित 6 योगियों में भी स्थान पाया है।

### सेवानिवृत्त पर बद्रीलाल सांवलिया का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित



**नाहरगढ़।** सेवा ही जीवन की भावना के साथ 40 वर्षों तक समर्पित कार्य करने वाले बद्रीलाल सांवलिया के सेवानिवृत्त होने पर नाहरगढ़ स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मंदसौर की शाखा में सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। श्री सांवलिया ने भूमि विकास बैंक मंदसौर में लगभग 33 वर्षों तक तथा इसके बाद जिला सहकारी बैंक मंदसौर में 7 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए वे सहकर्मियों, अधिकारियों और ग्राहकों के बीच हमेशा आदरणीय बने रहे। विदाई समारोह में समस्त बैंक स्टाफ, उनके परिवारजन, गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतकों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की।

### कलेक्टोरेट में सामूहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन

**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में शुक्रवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मी गामड़ तथा जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात अगस्त माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसम्पर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जिले में अब तक औसत 723 .7 मि .मी . वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 723.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 455 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 657.5 मि.मी., जावद में 736 मि.मी., सिंगोली में 965.4 मि.मी. एवं मनासा में 536 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 375 मि.मी.जावद में 520 मि.मी.एवं मनासा में 470 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जिले में 1 अगस्त 2025 को प्रातः8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 12.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 24 मि.मी, जावद में 4, मनासा में 14 मि.मी एवं सिंगोली में 7 मि.मी.वर्षा दर्ज हुई हैं।

### आज विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**नीमच।** दिनांक 02.08.2025 (शनिवार) को 11 केव्ही संजीवनी फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। सहायक यंत्री (शहर) द्वारा बताया गया कि दिनांक 02.08.2025 (शनिवार) को पोल खड़े करने का कार्य होने के कारण 11 केव्ही संजीवनी फीडर का विद्युत प्रदाय प्रातः 10:30 बजे से प्रातः 01:30 बजे तक बंद रहेगा। 11 केव्ही संजीवनी फीडर बन्द रहने से गोगाबाई रोड़, विकास नगर 14/4, संजीवनी कॉलोनी, स्कीम नं. 34, रकीग नं. 36 ए, उत्कृष्ट स्कुल, बोहरा कॉलोनी, चौपड़ा कॉलोनी, आनंद विहार कॉलोनी आदी क्षेत्र प्रभावित होगे। आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है।

### कलेक्टर ने गांधीसागर जलाशय में निर्माणाधीन

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने नीमच जिले की रामपुरा तहसील के ग्राम सालारामाला में गांधी सागर जलाशय के बैकवॉटर में लगभग 1 किलोमीटर पानी में निर्माणाधीन अस्थाई रॉ वाटर इंटेक वेल,पंप हाउस और अप्रोच ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक जल निगम ने कलेक्टर को अवगत कराया, कि वर्तमान में पानी गांधी सागर से खिमला स्थित जल शोधन संयंत्र एवं खिमला से कुकडेश्वर तक पहुंच चुका है एवं उसके आगे टेस्टिंग कार्य प्रगतिरत हैं। अपरोक्ष ब्रिज एवं स्थाई इंटेक वेल पंप हाउस का कार्य नवंबर माह तक पूर्ण हो जाएगा और गांधी सागर समूह जलप्रदाय योजना से उक्त कार्य पूर्ण होने के बाद हर घर नल से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, जनपद सीईओ श्री आरीफ खान, जल निगम के महाप्रबंधक श्री जितेन्द्र बिजोरिया, डीबीएल के सहायक प्रबंधक श्री सुनील तोमर, श्री सरस जैन व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की कलेक्टर नीमच की पहल



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत कलेक्टर समय समय पर शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वे कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता एवं अध्यापन कार्य का जायजा ले रहे है। कलेक्टर श्री चंद्रा ने शुक्रवार को मनासा विकासखण्ड के हाई स्कूल मजिरिया एवं नवोदय विद्यालय रामपुरा का निरीक्षण किया। उन्होने नवोदय विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर अध्यापन कार्य का जायजा लिया। साथ ही विद्यार्थियों से चर्चा कर, पाठ्यक्रम भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्य के बारे में पूछा और दैनिक पढ़ाई की रणनिति के बारे में चर्चा कर, उनके शैक्षणिक स्तर को परखा।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय से दो नवीन शव वाहनों को हरी झंडी दिखा रवाना किया

### शव परिवहन के लिए अब कोई शुल्क नहीं लगेगा



**मंदसौर। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने जिला चिकित्सालय मंदसौर से दो नवीन शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले को दो अत्याधुनिक शव वाहन दिए गए हैं।**

अब जिले में शव परिवहन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। ये दोनों शव वाहन जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों, जैसे जिला चिकित्सालय और अन्य अस्पतालों में, किसी मरीज की मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर को उनके घर या श्मशान घाट तक सम्मानपूर्वक और निःशुल्क पहुंचाने की सुविधा प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा, यह जनहित में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सेवा उन परिवारों के लिए बहुत मददगार होगी। जिन्हें दुःख की घड़ी में शव परिवहन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने यह भी बताया कि यह सुविधा मध्य प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और मंदसौर जिले के लोगों के लिए एक बड़ी राहत है। यह नई सेवा जिला चिकित्सालय सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दिवंगत हुए रोगियों या दुर्घटना पीड़ितों के पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ उनके गंतव्य तक पहुंचाएगी।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान, सिविल सर्जन डॉ. बी. एल. रावत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री निलेश गर्ग, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, पत्रकार मौजूद थे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ कर, प्रसूताओं को परामर्श दिया

**नीमच।** जिला चिकित्सालय नीमच के प्रसूति विंग एवं नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.. बी.एल.सिसोदिया, एस.एन.सी.यू. प्रभारी प्रशांत राठौर ने किया। डॉ. प्रशांत राठौर ने बताया कि इस वर्ष की थीम स्तनपान मे निवेष करे, भविष्य में निवेश करे रखी गई है। अर्थात यदि माताए स्तनपान करवाकर अभी इसमें निवेश करेंगे तो बच्चों का भविष्य सुनहारा होगा।

इस अवसर पर डॉ. राठौर ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद स्तनपान करवाने से बच्चें को अमृत समान दृव्य प्राप्त होता है जिसे कोलेस्ट्रम कहते है यह कोलेस्ट्रम बच्चें को जीवन भर विभिन्न बिमारियों से बचाता है। स्तनपान से न सिर्फ शिशु बल्कि माता को भी फायदा है, शीघ्र स्तनपान से प्रसूता की आंवल जल्द बाहर आ जाती है तथा रक्तस्त्राव कम होता है। डॉ. राठौर ने बताया कि एस.एन.सी.यू. के स्तनपान कक्ष में प्रति दिवस अलग अलग विषय पर माताओं को परामर्श दिया जाता है, साथ ही कंगारू मदर केयर के बारे में भी समझाईश दी रही है।

## सीतामऊ मार्ग की बदहाल स्थिति बनी हादसों की वजह, नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग



**मंदसौर।** शहर के सीतामऊ मार्ग की जर्जर हालत से आमजन परेशान हैं और लगातार हादसों का सामना कर रहे हैं। यह मार्ग राज्य मार्ग की श्रेणी में आता है तथा इसका निर्माण वर्ष 2011 में छक्क कंपनी द्वारा किया गया था। निर्माण के बाद से ही इस मार्ग की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। वर्तमान में दोनों साइड डामर की परतें उखड़ चुकी हैं और सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे वाहनों के आवागमन में भारी कठिनाई आ रही है और दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छक्क कंपनी द्वारा न तो किसी प्रकार की मरम्मत कराई गई है और न ही इमरजेंसी टोल हेल्पलाइन नंबर ही चालू है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक नियंत्रण और मार्ग पर संकेतक व अन्य सुरक्षा उपाय भी नदारद हैं, जिससे जान-माल का खतरा लगातार बना हुआ है। टोल वसूली तो की जा रही है, लेकिन सड़क की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही सड़क का निरीक्षण कर दोनों साइडों की डामरीकरण की प्रक्रिया शुरू कराई जाए, ट्रैफिक संकेतक व आवश्यक चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और इमरजेंसी सुविधा चालू की जाए। साथ ही हादसों की स्थिति में घायलों को त्वरित उपचार व मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।



## नवोदय विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम

### *85 प्रतिशत से अधिक लाने पर विशेष ध्यान दें . :कलेक्टर*
### *कलेक्टर की अध्यक्षता में नवोदय रामपुरा की प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न*

**नीमच।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय की सभी कक्षाओं में सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक लाने का विशेष प्रयास किया जावे। विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट व त्रैमासिक टेस्ट के परिणामों की समय-समय पर समीक्षा कर, परीक्षा परिणाम में सुधार के विशेष प्रयास किए जाए। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को नवोदय विद्यालय रामपुरा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए कही। बैठक में एसडीएम श्री पवन बारिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, प्राचार्य श्री नन्दकिशोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पालकों के प्रतिनिधि एवं विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने रामपुरा के नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों के नव स्थापित कम्प्युटर लैब का फीता काटकर शुभांरभ किया और लैब में उपलब्ध कम्प्यूटर सेट, विद्यार्थियों की कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

बैठक में विद्यालय में स्थापित सौलर पैनल को प्रारंभ करवाकर, विद्युत आपूर्ति शुरू करने के लिए संबंधित कंपनी से चर्चा करने तथा नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को अर्द्ध शासकीय पत्र लिखवाने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना से नल कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति के लिए जल निगम प्रबंधक को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में विद्युत केबल कनेक्शन लगवाने के लिए स्टीमेंट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी प्राचार्य को दिए। उन्होने बहुउद्देश्यीय खेल परिसर निर्माण के लिए स्टीमेंट बताकर प्रस्तुत करने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर इसी सप्ताह लगाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में अवांछित पेड़ों की छटाई करवाने के निर्देश सीएमओ रामपुरा को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने पालक प्रतिनिधियों से भी चर्चा कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। प्रारंभ में प्राचार्य श्री नन्दकिशोर पंवार व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में उप प्राचार्य ने आभार माना।

## जीरन से निकलेगा 3 अगस्त को षष्ठम पैदल यात्रा का जत्था, शाही पालकी में सवार होंगे सांवलिया सेठ

**जीरन।** जीरन नगर से प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भगवान श्री सांवलिया सेठ की पैदल यात्रा का आयोजन किया गया है प्रतिवर्षण अनुसार इस वर्ष दिनांक 3 अगस्त 2025 को भगवान श्री सांवलिया सेठ की षष्ठम पैदल यात्रा जीरन नगर के बाला हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर 4 अगस्त को सांवलिया जी मंडफिया धाम (राजस्थान) को पहुंचेगी इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु पैदल-पैदल भगवान श्री सांवलिया सेठ का भजन कीर्तन करते हुए ढोल बैंड बाजो की गूंज के साथ यात्रा प्रारंभ करेंगे पैदल यात्रा जीरन नगर से प्रारंभ होकर ग्राम ग्वाल तालाब, राबड़िया ग्राम होते हुए राजस्थान की सीमा के गांव में प्रवेश करेगी व जगह जगह रास्ते में भक्तों द्वारा फरीहाल व फल फ्रूट,नाश्ता चाय काफी द्वारा भक्तों का स्वागत सत्कार किया जाएगा इस यात्रा का मुख्य आकर्षण श्री सांवलिया सेठ की भक्तों के हाथों से बनाई हुई शाही झांकी रहेगी श्री सांवलिया सेठ की प्रतिमा विराजित होकर साथ-साथ रहेगी यात्रा में आयोजक मंडल द्वारा सभी साथ चलने वाले यात्रियों का पूर्व पंजीयन कर उनके द्वारा आईडी कार्ड वितरित कर पानी, मेडिकल दवाइयों व अन्य जरूरी चीजों की पूरी व्यवस्था के साथ यात्रा में चलने हेतु तैयारी के साथ यात्रा प्रारंभ होगी यात्रा के प्रथम दिन यात्रा प्रारंभ होकर रात्रि विश्राम राजस्थान के बंबोरी महादेव मंदिर धर्मशाला बंबोरी गांव में रहगा वहीं पर श्री सांवलिया सेठ के भक्तों द्वारा भोजन की व्यवस्था रहेगी दूसरे दिन सुबह 5 बजे यात्रा प्रारंभ होकर श्री सांवलिया जी धाम मंडफिया गांव में पहुंचेगी वहीं पर सभी पैदल यात्री विश्राम कर भगवान श्री सांवरिया सेठ को लड्डू चूरमा का भोग लगाकर भोजन ग्रहण करेंगे और विश्राम स्थल से शाही पालकी में सवार होकर श्री सांवलिया सेठ मंदिर तक ढोल, बैंड बाजे के साथ मन्दिर परिसर में भगवान के दर्शन कर वह वापस विश्राम स्थल पर आकर सभी पैदलयात्री को बसों व अन्य साधनों द्वारा उनके गंतव्य स्थान जहा से यात्रा प्रारंभ हुई उसी स्थान तक पहुंचाया जाता है इस विशाल कार्यक्रम में हजारों भक्त भाग लेते हे।



## कलेक्टर ने मजिरिया में किया आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को मनासा जनपद के ग्राम मजिरिया में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रं. एक एवं दो का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, नाश्ता व भोजन वितरण का जायजा लिया। उन्होने बच्चों से आंगनवाड़ी केंद्र में नियमित आने, नाश्ता व भोजन वितरण एवं गुणवत्ता के बारे में पूछा। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी के बच्चों के टीकाकरण की भी जानकारी ली। इन केंद्रो में दर्ज बच्चों की तुलना में अच्छी उपस्थिति पाई गई। कलेक्टर ने मजिनिया क्र.1, आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को केंद्र में करवाई जा रही बाल सुलभ गतिविधियों की सराहना भी की।

कलेक्टर चंद्रा ने पंचायत सचिव को आंगनवाड़ी केंद्र भवन में पर्याप्त लाईट लगवाने, स्कूल परिसर की साफ-सफाई व घास की साफ-सफाई करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने क्षतिग्रस्त अतिरिक्त कक्ष एवं अनुपायोगी कीचन शेड को डिस्मेंटल करवाकर वहाँ नया अतिरिक्त शाला कक्ष निर्माण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में उपस्थित शाला जाने योग्य दो बालिकाओं को स्कूल में नियमित रूप से भेजकर, अध्यापन करवाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए,इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या, एसडीएम पवन बारिया, जनपद सीईओ आरीफ खान, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम.मांगरिया, डीपीसी दिलीप व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मौसमी बीमारी प्रभावित गाँव पीपली खेड़ा में स्वास्थ्य टीम ने किया उपचार

**नीमच।** जिले के जावद विकासखंड गुरूवार को प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम पीपलीखेड़ा में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश मीणा ने तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर आमजनों के उपचार के लिए चिकित्सा दल भेज कर घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में एक अगस्त 2025 को खंड चिकित्सा अधिकारी ने टीम के साथ स्वयं उपस्थित रहकर, आशा ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष आदि के साथ घर-घर जाकर एवं गांव में सभी प्रभावितों को उपचार हेतु आवश्यक उपचार दिया व दवाईयाँ उपलब्ध करवाई गई। इसके साथ-साथ उनके द्वारा गांव के पेयजल स्त्रोतों का जल शुद्धिकरण किया गया। शासकीय कुआं ,नलकूप में जल शुद्धिकरण किया गया हैं। इसी दौरान अनविभागीय अधिकारी जावद श्रीमती प्रीति संघवी भी उपस्थित थी। उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे को पेयजल व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए एवं भविष्य में पाईपलाइन से पानी सप्लाई से पूर्व समस्त संधारण कार्य पूर्ण होने पर, ही नल जल वितरण करने के निर्देश दिए।

**जागरूकता**

### पोषण पुनर्वास केंद्र में 20-बेड से बढ़ाकर 50 बेड करने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने माताओं और परिजनों को किया जागरूक

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिला चिकित्सालय मंदसौर में एक कार्यशाला के साथ विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया। यह सप्ताह 7 अगस्त तक मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।**

**कलेक्टर ने माताओं और परिजनों को किया जागरूक**



कार्यशाला में कलेक्टर अदिति गर्ग ने प्रसूता महिलाओं और उनके परिजनों से सीधी बातचीत की और स्तनपान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद 6 महीने तक शिशु के लिए मां का दूध ही सबसे अच्छा और संपूर्ण आहार होता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि 6 महीने पूरे होने के बाद ही बच्चों को मां के दूध के साथ ऊपरी आहार देना शुरू करें। इसके अलावा, कलेक्टर ने बच्चों के पूर्ण टीकाकरण को भी सुनिश्चित करने की बात कही ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित रहें। भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि इस सप्ताह का आयोजन स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और सही जानकारी फैलाने के लिए किया गया है। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषण से निपटने के लिए मंदसौर के 20-बेड वाले हृक्ष्ट (पोषण पुनर्वास केंद्र) को बढ़ाकर 50 बेड करने के निर्देश दिए हैं।

लघु नाटिका के माध्यम से डॉ. प्रियांशी जैन और नर्सिंग स्टाफ ने स्तनपान से जुड़ी गलतफहमियों को दूर किया और महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ शशी गांधी, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता पाटीदार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश कारपेंटर और अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।